# सप्ताह के शीर्ष करंट अफेयर्स (16 -22 जून 2019)

## 1. सुमन राव को 'मिस इंडिया 2019' का ताज पहनाया गया

- सुमन राव (राजस्थान की 20 वर्षीय लड़की) को मुंबई के सरदार वल्लभभाई पटेल इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक शानदार समारोह में fbbकलर्स 'मिस इंडिया 2019' (56वां संस्करण) का ताज पहनाया गया।
- छत्तीसगढ़ की शिवानी जाधव (23 वर्षीय) को मिस ग्रैंड इंडिया 2019 का ताज पहनाया गया।
- बिहार की श्रेया शंकर (21 वर्षीय) ने 'मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2019' का खिताब जीता।
- अब, सुमन राव थाईलैंड में होने वाली मिस वर्ल्ड 2019 की प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- तेलंगाना की संजना विज को मिस इंडिया रनर अप 2019 चुना गया।
- प्रतियोगिता के अंत में अनुकृति वास (मिस इंडिया 2018), मीनाक्षी चौधरी (प्रथम रनर-अप 2018) और श्रेय राव कामवरपु (द्वितीय रनर-अप 2018) को क्रमिक रूप से विजेताओं का ताज पहनाया गया।
- निर्णायक दल में प्रसिद्ध डिजाइनर जोड़ी फाल्गुनी शेन पीकॉक, मिस वर्ल्ड 2018 वैनेसा पोंका डी लियोन, अभिनेत्री हुमा कुरैशी, चित्रांगदा सिंह, अभिनेता आयुष शर्मा, कोरियोग्राफर-फिल्म निर्माता रेमो डिसूजा, धावक दुती चंद और फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री शामिल थे।

**सम्बंधित जानकारी:**

- 'मिस इंडिया' भारत में एक राष्ट्रीय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिता है जो वार्षिक रूप से मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिनिधियों का चयन करती है।

| क्रमांक | परिणाम | प्रतिभागी |
|---|---|---|
| 1. | मिस इंडिया वर्ल्ड 2019 | सुमन राव (राजस्थान) |
| 2. | मिस ग्रैंड इंडिया 2019 | शिवानी जाधव (छत्तीसगढ़) |
| 3. | मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2019 | श्रेया शंकर (बिहार) |

## 2. साहित्य अकादमी ने बाल साहित्य पुरस्कार और युवा पुरस्कार 2019 की घोषणा की

- साहित्य अकादमी ने साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2019 के लिए 22 लेखकों और युवा पुरस्कार 2019 के लिए 23 लेखकों को चुना है।
- विजय शर्मा (डोगरी), नाजी मुनव्वर (कश्मीरी), और संजय चौबे (संस्कृत) सहित बाल कविता की छह पुस्तकें; गोविंद शर्मा (हिंदी), मोहम्मद खलील (उर्दू), और स्वमीम नसरीन (असमिया) सहित लेखकों की पांच कहानी पुस्तकें; और पांच लेखकों को बाल साहित्य में उनके संपूर्ण योगदान के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया।



- इनके अलावा, बोडो भाषा में एक लोक कथाकार लख्मीनाथ ब्रह्मा, चंद्रकांत करदल्ली (कन्नड़), सलीम सरदार मुल्ला (मराठी), और पवन हरचंदपुरी (पंजाबी) के तीन उपन्यास; अंग्रेजी में देविका कैरियापा की एक इतिहास की पुस्तक, और आर.के. सनाहनबी चानू के एक मणिपुरी नाटक ने प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता।
- अनुज लुगुन (हिंदी), सागर नज़ीर (कश्मीरी), अनुजा अकाथूट्टु (मलयालम) की रचनाओं सहित कविता की ग्यारह पुस्तकें; तनुज सोलंकी (अंग्रेजी), अजय सोनी (गुजराती), कीर्ति परिहार (राजस्थानी) सहित छह लेखकों की लघु कहानियां; मोउमिता (बंगाली) के पांच उपन्यास, और सलमान अब्दुस समद (उर्दू) सहित अन्य ने साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2019 जीता।
- दोनों पुरस्कारों के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप तांबे की एक उत्कीर्ण पट्टिका और 50,000 रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा।

### 3. 17 जून: मरुस्थलीकरण और सूखे से संघर्ष का विश्व दिवस

- मरुस्थलीकरण और सूखे से संघर्ष का वैश्विक दिवस हर वर्ष मरुस्थलीकरण से निपटने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए दुनिया भर में 17 जून को मनाया जाता है।
- वर्ष 2019 का मरुस्थलीकरण से संघर्ष का विश्व दिवस संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण संघर्ष सम्मेलन (UNCCD) की 25वीं वर्षगांठ है।
- मरुस्थलीकरण और सूखे से संघर्ष का विश्व दिवस 2019 का विषय 'चलिए साथ मिलकर भविष्य का विकास करें' (Let's Grow the Future Together) है।
- आज, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विशेष भाषण दिया।

### 4. 16 जून: परिवार को विप्रेषित धन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस

- परिवार को विप्रेषित धन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस (IDFR) हर वर्ष 16 जून को मनाया जाता है।
- यह दिवस 200 मिलियन से अधिक प्रवासियों द्वारा अपने 800 मिलियन पारिवारिक सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाने और अपने बच्चों के लिए आशावान भविष्य के निर्माण हेतु किए गए योगदान की आधिकारिक रूप से प्रशंसा करता है।
- यह दिवस संयुक्त राष्ट्र महासभा (A/RES/72/281) द्वारा अंगीकृत एक वैश्विक दिवस है।

### 5. फादर्स डे: 16 जून, 2019

- पितृत्व के सफर और परिवार की संरचना एवं समाज में पिता की भूमिका को सम्मानित करने के लिए हर वर्ष जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है।
- इस वर्ष, यह भारत में 16 जून को मनाया गया।
- यह परिवार के सदस्यों को सम्मानित करने के दिवसों जैसे कि मदर्स डे, सिबलिंग्स डे और ग्रैंडपैरेन्ट्स डे के पूरक है।



## 6. ज़ुजाना कैपुटोवा ने स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की

- भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाने वाली ज़ुज़ाना कैपुटोवा (45 वर्षीय) ने स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- कैपुटोवा ने Smer-SD के उम्मीदवार मारोस सेफ्कोविक के खिलाफ जीत हासिल की।
- प्रोग्रेशिव स्लोवाकिया/टूगेदर पार्टी से उनके सहयोगी वर्ष 2020 के आम चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को सत्ता से हटाने में अपनी क्षमता का उपयोग करने की उम्मीद रखते हैं।
- कैपुतोवा स्लोवाकिया के आधुनिक इतिहास की पांचवीं राष्ट्रपति हैं।

**सम्बंधित जानकारी:**

- स्लोवाकिया गणराज्य का राष्ट्रपति स्लोवाकिया का राष्ट्र प्रमुख और सशस्त्र बलों का प्रधान सेनापति होता है।
- राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास ब्रातिस्लावा में ग्रासालकोविच पैलेस है।

## 7. दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र माउंट एवरेस्ट पर स्थापित किया गया

- त्रिभुवन विश्वविद्यालय और नेशनल जियोग्राफिक सोसायटी के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की एक टीम ने माउंट एवरेस्ट के ऊपर दुनिया का सबसे ऊंचा, पूर्णतया स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया है।
- समुद्र तल से पृथ्वी के सबसे ऊंचे पर्वत पर, 27,657 फीट की रिकॉर्ड ऊंचाई पर एक मौसम केंद्र सहित कुल पांच मौसम केंद्र स्थापित किए गए थे।
- मौसम केंद्र तापमान, सापेक्षिक आर्द्रता, बैरोमीटर दबाव, हवा की गति और हवा की दिशा पर डेटा रिकॉर्ड करेगा।

## 8. तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रजत पदक जीता

- भारतीय पुरुषों की रिकर्व टीम ने नीदरलैंड के डेन बॉश में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण की भारतीय तिकड़ी अंतिम मुकाबले में डिंग येलियांग, वेई शॉक्सुआन और फेंग हाओ की चीनी टीम से 6-2 से हार गई।
- भारत ने महिला कंपाउंड टीम प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।
- पुरुषों की रिकर्व टीम 14 वर्ष के अंतराल के बाद विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में खेल रही थी।
- यह विश्व चैंपियनशिप में भारत का छठा रजत था जिसमें देश ने अभी भी स्वर्ण पदक नहीं जीता है।
- वर्ष 2014 के बाद यह पहली बार था कि भारतीय पुरुष टीम ने किसी विश्व स्पर्धा का फाइनल खेला था।
- विश्व चैंपियनशिप 2019 में एक रजत और दो कांस्य से प्रमुख द्विवार्षिक प्रतियोगिता में भारत ने कुल आठ पदक हासिल किए।



## 9. ऑटिस्टिक प्राइड डे आज मनाया गया

- आज ऑटिस्टिक (स्वलीनता) पीड़ितों की प्रतिष्ठा के महत्व को पहचानने और इसे एक बीमारी के बजाए एक असमानता के रूप में समझाने के लिए ऑटिस्टिक प्राइड डे मनाया जा रहा है।
- 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम अशक्तता' सामाजिक दुर्बलताओं, संचार कठिनाइयों, व्यवहार के प्रतिबंधात्मक और पुनरावर्ती पैटर्न विशेषता वाले जटिल तंत्रिका विकास विकारों की एक श्रृंखला है।
- यह एक आजीवन चालने वाली अवस्था है जो आमतौर पर जीवन के पहले तीन वर्षों में होती है।
- ऑटिज्म का सही कारण अभी तक ज्ञात नहीं है लेकिन यह आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारकों से संबंधित है।

**सम्बंधित जानकारी:**

- ऑटिस्टिक प्राइड डे की शुरुआत एस्पिस फॉर फ्रीडम ग्रुप द्वारा की गई थी, यह ग्रुप ऑटिज्म पीड़ितों के अधिकारों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाता है।

## 10. जे.पी. नड्डा को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया

- भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के वरिष्ठ नेता जे.पी. नड्डा को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष (जनवरी, 2020 तक) नियुक्त किया गया है।
- यह निर्णय नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में लिया गया।
- श्री नड्डा भाजपा के सदस्यता अभियान और संगठन के चुनाव समाप्त होने तक कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे।


**सम्बंधित जानकारी:**

- भाजपा की उत्पत्ति श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जन संघ (वर्ष 1951 में गठित) में निहित है।
- वर्ष 1977 में, जनता पार्टी के गठन के लिए जनसंघ में कई अन्य दलों का विलय हो गया (तीन वर्ष बाद विघटित) जिसके बाद तत्कालीन जनसंघ के सदस्यों ने भाजपा के गठन के लिए पुन: गठबंधन किया।

**Mission CDS: 75 Day Study Booster Course! Check Here**

## 11. लेफ्टिनेंट जनरल फैज़ हमीद को पाकिस्तानी एजेंसी ISI का प्रमुख नियुक्त किया गया

- लेफ्टिनेंट जनरल फैज़ हमीद को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (सैन्य-नेतृत्व वाली जासूसी एजेंसी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।
- इससे पहले, वह ISI की काउंटर-इंटेलिजेंस शाखा के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।



- लेफ्टिनेंट जनरल हमीद ने वर्तमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर की जगह ली।

**सम्बंधित जानकारी:**

- इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) पाकिस्तान की प्रमुख खुफिया एजेंसी है, जो दुनिया भर से राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी जानकारियों को एकत्र करने, संसाधित करने और उनका विश्लेषण करने के लिए सक्रिय रूप से उत्तरदायी है।
- ISI में मुख्य रूप से पाकिस्तान सशस्त्र बल (सेना, वायु सेना, और नौसेना) की तीनों शाखाओं से प्रतिनियुक्ति पर तैनात सैन्य अधिकारी शामिल हैं।

## 12. असम सरकार दरांग जिले में कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी

- असम सरकार राज्य के दरांग जिले में 850 करोड़ रुपये की लागत से एक 'कौशल विश्वविद्यालय' स्थापित करेगी।
- असम कौशल विकास मिशन के निदेशक ए.पी. तिवारी के अनुसार, असम के लिए 80% सीटें आरक्षित रहेंगी और शेष 20% पूर्वोत्तर राज्यों के लिए आरक्षित होंगी।
- यह 10 हजार सीटों वाला देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय होगा।
- पूर्वोत्तर कौशल केंद्र के पहले बैच के लिए प्रवेश परीक्षा 30 जून, 2019 को आयोजित की जाएगी।

## 13. भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 5-1 से हराकर FIH सीरीज फाइनल जीता

- भारत ने दक्षिण अफ्रीका को अंतिम मुकाबले में 5-1 से पराजित करके FIH सीरीज फाइनल हॉकी टूर्नामेंट जीता।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका अंतिम मुकाबले से पहले ही ओलंपिक क्वालीफायर्स के अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।
- इससे पहले, एशियाई खेलों के चैंपियन जापान ने अमेरिका को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।

## 14. ओम बिड़ला को सर्वसम्मति से 17वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया

- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ओम बिड़ला को 19 जून को सर्वसम्मति से 17वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया।
- उन्हें प्रो-टेम स्पीकर वीरेंद्र कुमार ने निर्वाचित किया और अध्यक्ष घोषित किया।
- अध्यक्ष के रूप में उनकी उम्मीदवारी को कांग्रेस, TMC, DMK और BJD सहित सभी प्रमुख दलों ने समर्थन प्रदान किया।
- उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन की जगह ली।
- सुमित्रा महाजन ने इस वर्ष लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था।



- बिड़ला के समर्थन में कुल 13 प्रस्ताव पेश किए गए।
- ओम बिड़ला वर्ष 2014 के आम चुनावों के बाद से कोटा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और राजस्थान के प्रसिद्ध राजनेता हैं।

**सम्बंधित  जानकारी:**

- ओम बिड़ला का राजनीतिक सफर 17 वर्ष की आयु में वर्ष 1979 में कोटा के गुमानपुरा स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र संघ का अध्यक्ष बनने के बाद शुरू हुआ।
- बिड़ला राजस्थान से तीन बार के विधानसभा सदस्य (MLA) रह चुके हैं। उन्होंने पहली बार वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव लड़ा था।
- 56 वर्षीय बिड़ला राजस्थान में एक कृषिविशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उनका विवाह अमिता बिड़ला से हुआ और उनकी दो बेटियां हैं।

## 15. 19 जून: विश्व सिकल सेल दिवस

- विश्व सिकल सेल दिवस (लाल रुधिर कोशिका दिवस) हर वर्ष 19 जून को मनाया जाता है।
- यह प्रत्येक वर्ष लाल रुधिर कोशिका संबंधी रोग और इसके उपचार के तरीकों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।
- सिकल सेल रोग एनीमिया का एक वंशानुगत रूप है जिसमें लाल रुधिर कोशिकाएं पूरे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंचा पाती हैं।
- सरकार ने इस बीमारी से पीड़ित लोगों के उचित इलाज और देखभाल के लिए कई अभियान चलाए हैं।

## 16. विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून को मनाया गया

- विश्व शरणार्थी दिवस शरणार्थियों के जीवन में आने वाली परिस्थितियों और समस्याओं के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए हर वर्ष 20 जून को मनाया जाता है।
- विश्व शरणार्थी दिवस 2019 का विषय 'Step with Refugees — Take A Step on World Refugee Day' है।
- यह विषय इस बात पर केंद्रित है कि दुनिया भर के शरणार्थियों के साथ मिलकर एकता में बड़े और छोटे कदम उठाने की आवश्यकता है।
- हर वर्ष लाखों लोग युद्ध, उत्पीड़न या प्राकृतिक आपदा से बचने हेतु अपना घर छोड़कर जाने को मजबूर हो जाते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र (UN) के अनुसार, प्रत्येक मिनट, लगभग 25 लोगों को बेहतर और सुरक्षित जीवन की तलाश में सब कुछ छोड़ना पड़ता है।

**CDS II 2019 Free Mock Inside. Click Now!**



## 17. भारत की जनसंख्या वर्ष 2027 तक चीन की आबादी को पार करेगी: संयुक्त राष्ट्र

- संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2027 में दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले देश के रूप में भारत के चीन से आगे निकलने का अनुमान है और वर्ष 2050 तक भारत की आबादी लगभग 1.64 बिलियन होगी।
- संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के उप महासचिव लियू झेनमिन ने कहा कि रिपोर्ट एक दिशानिर्देश प्रदान करती है जिसमें कार्यवाही और हस्तक्षेप नियोजित करने के संकेत दिए गए हैं।

### रिपोर्ट के मुख्य अंश

- भारत की आबादी वर्ष 2019 और 2050 के बीच लगभग 273 मिलियन बढ़ने और वर्तमान सदी के अंत तक भारत के सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने की संभावना है।
- नाइजीरिया की जनसंख्या 200 मिलियन बढ़ने का अनुमान है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और नाइजीरिया साथ मिलकर वैश्विक जनसंख्या वर्ष 2050 तक 23 प्रतिशत बढ़ा सकते हैं।
- वर्ष 2019 में 1.43 बिलियन लोगों के साथ चीन, और 1.37 बिलियन लोगों के साथ भारत, लंबे समय से दुनिया के दो सर्वाधिक आबादी वाले देश हैं, जिनका वर्ष 2019 में वैश्विक जनसंख्या में कुल योगदान क्रमशः 19 और 18 प्रतिशत है।
- भारत अभी भी उन देशों में शामिल है, जहां काम करने वाली आबादी (25-64 वर्ष) अन्य समूहों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है।

### विश्व की जनसंख्या

- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट 'द वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2019' में कहा गया कि विश्व की आबादी अगले 30 वर्षों में वर्तमान की 7.7 बिलियन से दो बिलियन बढ़कर वर्ष 2050 में 9.7 बिलियन तक होने की संभावना है।
- चीन में, वर्ष 2019 और 2050 के बीच जनसंख्या में 31.4 मिलियन, या लगभग 2.2 प्रतिशत की कमी का अनुमान है।
- मध्य और दक्षिणी एशियाई क्षेत्रों में वर्ष 2050 तक जनसंख्या में 25% वृद्धि की संभावना है।
- जनसंख्या वृद्धि की दर उप-सहारा अफ्रीका में सर्वाधिक है, जहां जीवनकाल में प्रजनन दर 4.6 जन्म प्रति महिला है।

### वृद्धजन जनसंख्या में वृद्धि

- वर्ष 2050 तक, दुनिया में प्रत्येक छह लोगों में से एक की आयु 65 वर्ष से अधिक (16 प्रतिशत) होगी, जो वर्ष 2019 में प्रत्येक 11 में एक (9 प्रतिशत) है।



- 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्तियों की संख्या वर्ष 2019 में 143 मिलियन से तीन गुना बढ़कर वर्ष 2050 में 426 मिलियन होने का अनुमान है।

## औसत जीवन प्रत्याशा

- रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा वर्तमान की 72.6 से वर्ष 2050 में 77.1 वर्ष तक पहुंचने की संभावना के साथ लोग भविष्य में लंबे समय तक जीवित रहेंगे।
- वर्ष 1990 में, पूरे विश्व की औसत जीवन प्रत्याशा 64.2 वर्ष थी।

## 18. मैक्सिको ने अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा समझौते की पुष्टि की

- मैक्सिको ने अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा समझौते की पुष्टि की। यह समझौता मैक्सिको को अमेरिका के साथ हाल के तनावों के बावजूद नए उत्तर अमेरिकी व्यापार सौदे को अंतिम मंजूरी देने वाला पहला देश बनाता है।
- मैक्सिको की सरकार ने समझौते के पारित होने को एक खुली अर्थव्यवस्था और क्षेत्र में आर्थिक एकीकरण को मजबूत करने के पक्ष में एक स्पष्ट संदेश कहा है।
- मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने दावा किया कि यह समझौता मैक्सिको विदेशी निवेश और नौकरियों में वृद्धि करेगा, और अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनाएगा।
- इस समझौते का उद्देश्य उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते (NAFTA) को बदलना है, जिसने पिछले 25 वर्षों में मैक्सिको को एक निर्यात केंद्र में बदलने में सहायता की है।
- अब कनाडा और अमेरिका को इस समझौते की पुष्टि करना है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा NAFTA को बदलने के आग्रह के कारण वार्ता के एक वर्ष बाद 30 नवंबर को तीनों देशों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## NAFTA के बारे में

- उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता 1994 में संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा के बीच व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए लागू किया गया था।
- नाफ्टा का उद्देश्य उत्तरी अमेरिका की तीन प्रमुख आर्थिक शक्तियों के बीच आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना था।
- राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाफ्टा को निरस्त करने के लिए एक अभियान का वादा किया और अगस्त 2018 में, उन्होंने इसे बदलने के लिए मैक्सिको के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की।
- सितंबर 2018 में, कनाडा इस सौदे में शामिल हुआ: संयुक्त राज्य-मैक्सिको-कनाडा समझौता (यूएसएमसीए), जो 30 नवंबर, 2018 को हस्ताक्षरित किया गया था।

## 19. 21 जून: 5वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



- पांचवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जा रहा है।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में रांची से योग दिवस का नेतृत्व किया। योग दिवस का मुख्य समारोह आज सुबह रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित किया गया।
- योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी।
- 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है और जिसका अर्थ संगठित होना या संयुक्त होना है, जो शरीर और चेतना के संयोजन का प्रतीक है।
- इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'Climate Action' है और इसे 20 जून को संयुक्त राष्ट्र में 'Yoga with Gurus' के रूप में मनाया गया, जिसके बाद 21 जून को एक पैनल चर्चा होगी।

**सम्बंधित जानकारी:**

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सुझाव पहली बार 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में प्रधान मंत्री मोदी द्वारा अपने भाषण के दौरान प्रस्तावित किया गया था।
- प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IYD) 21 जून, 2015 को दुनिया भर में मनाया गया था।

## 20. नम्मा कोल्हापुरी चप्पल को GI टैग मिला

- महाराष्ट्र का अत्यंत लोकप्रिय फुटवियर उद्योग, जो अपनी हाथ से बनने वाली चमड़े की प्रसिद्ध कोल्हापुरी चप्पल के लिए प्रसिद्ध है, को जियोग्राफिकल इंडिकेशन (GI) टैग प्रदान किया गया है, जिससे देश के अन्य हिस्सों और विदेश में इसकी बिक्री के बढ़ने की संभावना है।
- पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क महानिदेशक ने महाराष्ट्र के चार जिलों - कोल्हापुर, सोलापुर, सांगली और सतारा के साथ-साथ कर्नाटक में चार जिनसें - धारवाड़, बेलगाम, बगलकोट और बीजापुर को कोल्हापुरी चप्पल के लिए GI टैग प्रदान किया है।
- GI टैग मिलने का अर्थ है कि इन जिलों में कोल्हापुरी चप्पल का उत्पादन करने वाले कारीगर अब घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपने उत्पाद बनाने और बेचने में सक्षम होंगे।
- इसका अर्थ यह भी है कि कारीगर उच्च लाभ के लिए प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ समझौता कर सकते हैं।
- इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के अन्य भागों में इसी तरह के उत्पादों के लिए 'कोल्हापुरी' शब्द का उपयोग प्रतिबंधित है।

## जियोग्राफिकल इंडिकेशन (GI) टैग के बारे में जानकारी

- एक जियोग्राफिकल इंडिकेशन (GI) वह चिन्ह है जो उन उत्पादों पर उपयोग किया जाता है जिनका एक विशिष्ट भौगोलिक मूल होता है और वे उस मूल के कारण विशेषता या प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं।
- GI टैग के तहत कार्य करने के लिए, एक चिन्ह को किसी दिए गए स्थान पर होने वाले उत्पादन की पहचान करनी चाहिए।



- जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग धारकों को अधिकार एवं सुरक्षा प्रदान करता है।
- GI टैग प्राप्त करने के लिए एक उत्पाद में एक अनूठी गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या विशेषता होती है जो उसके भौगोलिक मूल के कारण होती है।
- उदाहरण के लिए – अप्रैल, 2019 में, दक्षिणी ओडिशा की स्थानीय हल्दी की एक किस्म, कंधमाल हल्दी ने भारतीय बौद्धिक संपदा से जियोग्राफिकल इंडिकेशन (GI) टैग अर्जित किया।
- 'कंधमाल हल्दी' को क्लास-30 के अंतर्गत रखा गया है।

## 21. जापान वर्ष 2019 में पहली बार G-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

- जापान इस वर्ष ओसाका शहर में G-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह जापान में आयोजित होने वाला पहला G-20 शिखर सम्मेलन होगा।
- G-20 शिखर सम्मेलन जापान के ओसाका में 28 से 29 जून, 2019 तक आयोजित किया जाएगा।
- जापानी प्रेसीडेंसी के तहत शिखर सम्मेलन "Human centered future society" विषय के इर्द-गिर्द केंद्रित है।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ओसाका में G-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा, प्रधान मंत्री द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे।
- सऊदी अरब अपनी राजधानी रियाद में 21-22 नवंबर, 2020 को वार्षिक G-20 लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा।
- वर्ष 2018 में, G-20 शिखर सम्मेलन अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आयोजित किया गया था।

### G-20 के बारे में जानकारी

- G-20 19 देशों और यूरोपीय संघ की सरकारों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है।
- G-20 शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से "वित्तीय बाजारों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर शिखर सम्मेलन" के रूप में जाना जाता है।
- नवंबर, 2008 में, पहला G-20 शिखर सम्मेलन वाशिंगटन डी.सी. में आयोजित किया गया था।
- G20 के सदस्य देश- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका हैं।
- सामूहिक रूप से, G20 अर्थव्यवस्थाएं सकल विश्व उत्पाद का लगभग 90%, विश्व व्यापार का 80%, विश्व जनसंख्या का दो-तिहाई और विश्व भूमि क्षेत्र का लगभग आधा भाग हैं।

## 22. तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने कलेश्वरम परियोजना का उद्घाटन किया

- तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सबसे बड़ी बहुस्तरीय और बहुउद्देश्यीय लिफ्ट सिंचाई योजनाओं में से एक कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना राज्य को समर्पित की।



- 80,000 करोड़ रुपये की कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP) को दुनिया की सबसे बड़ी बहु-स्तरीय बहुउद्देश्यीय योजना के रूप में जाना जाता है।
- कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में राज्य के 21 जिलों में 37 लाख एकड़ के नए और मौजूदा आयाकट की सिंचाई की परिकल्पना की गई है।

## 23. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में GST परिषद की 35वीं बैठक की अध्यक्षता की

- माल एवं सेवा कर (GST) परिषद की 35वीं बैठक नई दिल्ली में हुई।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पद संभालने के बाद पहली बार बैठक की अध्यक्षता की।

**सम्बंधित जानकारी:**

- परिषद ने मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण का कार्यकाल नवंबर, 2021 तक दो वर्ष के लिए बढ़ा दिया।
- परिषद ने GST पंजीकरण के लिए पहचान और पते के प्रमाण के रूप में आधार का उपयोग करने का निर्णय लिया है। किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी, और वन-टाइम पासवर्ड का उपयोग करके प्रमाणीकरण किया जा सकता है।
- परिषद ने वार्षिक रिटर्न फॉर्म GSTR 9, 9A और 9C की फाइलिंग की समय सीमा 30 अगस्त, 2019 तक बढ़ाने का फैसला किया। पहले की यह समयसीमा 30 जून, 2019 थी।
- परिषद ने 1 जनवरी, 2020 तक सभी के लिए एक-रिटर्न फाइलिंग प्रणाली के लागू करने को भी मंजूरी दे दी।
- परिषद ने उपभोक्ताओं को GST दर में कटौती का लाभ नहीं प्रदान करने के लिए 25,000 रुपये के अधिकतम जुर्माना वाले वर्तमान मानदंड के स्थान पर संस्थाओं पर मुनाफाखोरी की राशि के 10 प्रतिशत तक का जुर्माना लगाने को भी मंजूरी दी।
- परिषद ने 1 जनवरी, 2020 से प्रायोगिक आधार पर एक इलेक्ट्रॉनिक चालान प्रणाली शुरू करने को भी मंजूरी दे दी, जो ई-टिकट जारी करने वाले GST -पंजीकृत मल्टीप्लेक्स के लिए अनिवार्य है।
- प्रस्ताव के अनुसार, 50 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली संस्थाओं को B2B बिक्री के लिए सरकारी पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक चालान बनाने की आवश्यकता होगी।
- इलेक्ट्रिक वाहनों पर GST दर को मौजूदा 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत और ई-वाहनों के चार्जर के लिए यह 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव फाइन ट्यूनिंग हेतु फिटमेंट कमेटी को भेजा गया है।
- सीतारमण ने कर निर्धारण लॉटरी के बारे में AG की राय लेने के पीछे का मुख्य कारण स्पष्ट करते हुए कहा कि GST के तहत कराधान का सिद्धांत यह है कि पूरे देश में एक दर होनी चाहिए, जबकि लॉटरी के मामले में दो दरों का शुल्क लिया जा रहा था।
- वर्तमान में, एक राज्य द्वारा सुनियोजित लॉटरी में 12 फीसदी GST लगता है जबकि राज्य द्वारा अधिकृत लॉटरी में 28 फीसदी कर लगता है।



## 24. IAF की बालाकोट एयर स्ट्राइक का नाम 'ऑपरेशन बंदर' था

- वरिष्ठ रक्षा सूत्रों के अनुसार, गोपनीयता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि योजना जगजाहिर न हो, बालाकोट एयर स्ट्राइक को 'ऑपरेशन बंदर' नाम दिया गया था।
- 26 फरवरी को, कई एयर बेस से उड़ान भरते हुए 12 मिराज विमानों ने पाकिस्तानी वायु क्षेत्र को पार किया और खैबर पख्तूनवा प्रांत के बालाकोट शहर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए।
- भारतीय वायु सेना द्वारा किए गए हमलों में पायलटों ने पांच स्पाइस 2000 बम गिराए थे।

## 25. भारतीय नौसेना ने ओमान की खाड़ी में 'ऑपरेशन संकल्प' शुरू किया

- भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में 'ऑपरेशन संकल्प' शुरू किया, जो क्षेत्र से गुजरने वाले भारतीय ध्वजवाहित जहाजों के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था।
- भारतीय नौसेना जहाज, INS चेन्नई और INS सुनयना को समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए क्षेत्र में तैनात किया गया है। इसके अलावा, विमान द्वारा क्षेत्र में हवाई निगरानी भी की जा रही है।
- ओमान की खाड़ी में बढ़ते तनाव को देखते हुए यह ऑपरेशन शुरू किया गया है, जहां पिछले सप्ताह तेल के दो टैंकरों पर हमला किया गया था। इस घटना के बाद से तेहरान और वाशिंगटन के बीच तनाव बढ़ गया है।



gradeup


# Mission CDS:
## A 75-Day Score Booster Course

- Score 150+ in CDS II with the most comprehensive course
- 125+ Live Classes & 200+ PDFs
- 11 Weekly Tests & 5100+ Practice Questions


Quasif Ansari


Abhishek Ajay Singh


Vinod Shankaran



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co